भारत सरकार
**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 517**
जिसका उत्तर 03 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है ।
12 अग्रहायण, 1947 (शक)

## हैशटैग और सोशल मीडिया अभियानों की निगरानी

**517. श्री ससिकांत सेंथिल:**

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार तमिलनाडु में शुरू होने वाले प्रमुख हैशटैग और सोशल मीडिया अभियानों की निगरानी कर रही है जो संघ-राज्य संबंधों के बारे में जनता की भावनाओं को दर्शाते हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले बारह महीनों में ऐसे कितने उदाहरण हैं जहाँ ऐसे अभियानों के कारण गलत सूचना या उकसावे के लिए कार्रवाई योग्य मानदण्ड (कानून प्रवर्तन या नियामक एजेंसियों द्वारा) लागू किए गए हैं;

(ग) तमिलनाडु में ऑनलाइन सार्वजनिक क्षेत्र में पारदर्शी निष्पक्षता समंक-गोपनीयता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार का वर्ष 2025-26 के लिए सोशल मीडिया के रुझानों, घटनाओं और प्रतिक्रियाओं को शामिल करते हुए एक राज्यवार डैशबोर्ड या रिपोर्ट प्रकाशित करने का विचार है और यदि हाँ, तो इसके जारी होने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

**(क)** से **(घ):** सरकार की नीतियों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में इंटरनेट खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय हो और देश में अपने सभी उपयोगकर्ताओं के प्रति जवाबदेह हो।

सरकार ऑनलाइन स्पेस में किसी भी हैशटैग और सोशल मीडिया अभियान की निगरानी नहीं करती है।

******